भारतीय राजमार्ग अभियन्ता अकादमी
(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
ऐ-५, सेक्टर-६२,संस्थानिक क्षेत्र, एन०एच० २४ बाईपास,नोएडा-२०१३०१(उ०प्र०)

Indian Academy of Highway Engineers
(Ministry of Road Transport and Highways, Govt. of India)
A-5, Institutional Area, Sector-62, NH-24 Bypass, Noida-201301, UP, India
Tel.: 0120-2400085-86, 2405006-9, Fax 2400087
Email: director.iahe@gmail.com, iahe.training@gmail.com

इस कार्यालय को सभी पत्राचार निदेशक के पदनाम से संबोधित किया जाना चाहिए नाम से नहीं

आई.ए.एच.ई./प्र./01/प्रशिक्षण कैलेंडर/2017-18/2

14 फरवरी 2017

विषय: आई.ए.एच.ई. नोएडा परिसर से बाहर आयोजीत होनेवाले प्रशिक्षण कार्यक्रम 2017-18 के संबंध मे.

महोदय/ महोदया,

भारतीय राजमार्ग अभियन्ता अकादमी (आई.ए.एच.ई.) एक 'उत्कृष्टता के शीर्ष संस्थान' है, जो की राजमार्ग पेशेवरों के प्रशिक्षण के लिए समर्पित है। आई.ए.एच.ई. वर्ष 2017-18 के लिए प्रशिक्षण कैलेंडर में उल्लेखित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम के अलावा, नियमित कार्यक्रम के रूप में विभिन्न राज्यों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव है। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्र और राज्य सरकार का साझा भूमिका और सहयोगात्मक जिम्मेदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। आई.ए.एच.ई. प्रशिक्षण सामाग्री, संकायों और आयोजकों के लिए हवाई यात्रा व संकायों के लिए मानदेय की व्यवस्था के लिए जिम्मेदार होंगे। राज्य प्राधिकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजीत करने के लिए सभी बुनियादी सुविधाओं के साथ समारोह स्थल प्रदान करने और प्रतिभागियों के लिए दोपहर के भोजन का वावस्था तथा संकायों और आयोजकों के लिए स्थानीय परिवहन के साथ ठहरने व भोजन से संबंधित अन्य खर्च के लिए जिम्मेदार होंगे। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन में आई.ए.एच.ई. द्वारा किए गए व्यय का निर्वाहन सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रशिक्षण प्रयोजनों के लिए समय-समय पर मंजूर किए गए आवंटित/ स्वीकृत निधि से की जाएगी।

2. राज्य के अधिकारियों से यह अनुरोध है कि कृपया जल्द से जल्द जिस विषय मे प्रशिक्षण कराना चाहता है उसे प्रस्तावित तारीखों/ महीने और साल के साथ आई.ए.एच.ई. को सूचित करे । यह प्रस्तावित है कि इस तरह के एक/ दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आई.ए.एच.ई. द्वारा एक राज्य में आयोजित किया जा सकता है। यहभी प्रस्तावित है कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिमानतः 3 दिन की अवधि का हो।

3. यह निदेशक, आई.ए.एच.ई. के अनुमोदन से जारी किया गया।

भवदीय,

सुनील गुप्ता

(सुनील कुमार गुप्ता)
उप निदेशक (प्रशिक्षण)

सेवा मे:

1. सभी राज्य/ संघ शासित सरकार के प्रमुख सचिव/ सचिव/ ई-इन-सी
2. सभी राज्य सरकार के सीई (एनएच)